भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-*92
सोमवार, 08 फरवरी, 2021/19 माघ, 1942 (शक)

मध्य प्रदेश में आयोजित रोजगार मेले

***92. डॉ. वीरेन्द्र कुमारः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार ने पूरे देश में जिला स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन करने के लिए राज्य सरकारों से मिलकर कोई योजना तैयार की है; और

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में जिला-वार आयोजित रोजगार मेलों की संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या परिणाम रहे?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ख): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

******

“मध्य प्रदेश में आयोजित रोजगार मेले” के संबंध में डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा पूछे गए लोक सभा के दिनांक 08.02.2021 के तारांकित प्रश्न संख्या *92 के भाग (क) से (ख) के लिए दिए जाने वाले उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (ख): सरकार रोजगार मिलान, आजीविका परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना इत्यादि जैसी विविध रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय आजीविका सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रही है। एनसीएस परियोजना में तीन घटक शामिल हैं:-

1) राष्ट्रीय आजीविका सेवा (एनसीएस)पोर्टल (www.ncs.gov.in)
2) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा अन्य संस्थानों के सहयोग से आउटरीच कार्यकलापों एवं रोजगार मेलों सहित रोजगार संबंधी सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना वाले आदर्श करियर केंद्र (एमसीसी)। सरकार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/संस्थानों के प्रस्ताव के आधार पर इन केंद्रों को योजना के दिशा-निर्देशों के आधार पर 50 लाख रु. प्रति केंद्र तक की धनराशि प्रदान करती है। फिलहाल, सरकार ने 207 आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) (गैर-वित्तपोषित आधार पर 7 केंद्र सहित) को संस्वीकृत किया है। कुल 207 आदर्श करियर केंद्रों में से, 10 आदर्श करियर केंद्रों को मध्य प्रदेश में संस्वीकृत किया गया है।
3) रोजगार कार्यालयों को परस्पर जोड़ना-इस घटक के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को रोजगार कार्यालयों को एनसीएस पोर्टल से जोड़ने तथा रोजगार मेले आयोजित करने के लिए निधियां प्रदान की गई हैं। आदिनांक, योजना के दिशा-निर्देशों के आधार पर 28 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को निधियां प्रदान की गई हैं।

मध्य प्रदेश सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सहयोग से एनसीएस के माध्यम से आयोजित किए गए रोजगार मेलों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारें भी अपने संसाधनों से उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगार मेले आयोजित करती है।

*****

अनुबंध

“मध्य प्रदेश में आयोजित रोजगार मेले” के संबंध में डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा लोक सभा के दिनांक 08-02-2021 के तारांकित प्रश्न संख्या *92 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

विगत तीन वर्षों के दौरान राज्यों/संघ राज्यों क्षेत्रों में आयोजित किए गए रोजगार मेलों की संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	रोजगार मेलों की संख्या	भाग लेने वाले नियोक्ताओं की संख्या	रिक्तियों की संख्या	भाग लेने वाले रोजगार चाहने वालों की संख्या	अगले दौर हेतु छांटे गए अभ्यर्थियों की संख्या	अंतिम प्रस्ताव पत्र दिए गए अभ्यर्थियों की संख्या
1	अण्डमान और निकोबार	4	1844	94	3242	944	369
2	आंध्र प्रदेश	127	6252	5728	11924	4163	2466
3	असम	114	12331	7566	70286	12099	2256
4	बिहार	125	24070	33463	107655	22257	3608
5	छत्तीसगढ़	214	21281	29880	31058	9570	4293
6	दिल्ली	17	16690	2905	27039	9724	327
7	गोवा	2	3272	2104	10334	2974	289
8	गुजरात	450	159246	88122	326720	169622	126246
9	हरियाणा	104	44267	15864	49022	15826	5584
10	हिमाचल प्रदेश	88	15752	5046	17795	5157	4899
11	जम्मू और कश्मीर	18	230	635	2325	493	123
12	झारखंड	90	44080	24344	123906	63544	23695
13	कर्नाटक	44	36905	8914	35020	11261	5607
14	केरल	36	4818	11044	21367	6288	74
15	मध्य प्रदेश	416	135009	74596	222209	106936	28848
16	महाराष्ट्र	116	67947	28355	78136	34390	8127
17	मणिपुर	52	3320	428	1769	1232	138
18	नागालैंड	1	12	1	12	12	12
19	ओडिशा	217	58199	21622	65118	24881	6453
20	पंजाब	265	15233	10151	44162	13252	14033
21	राजस्थान	119	37092	26129	92248	31647	11773
22	सिक्किम	5	88	14	195	88	40
23	तमिलनाडु	327	149214	68829	129758	53257	37782
24	तेलंगाना	158	39068	59259	78523	26311	1651
25	त्रिपुरा	18	9312	58	2882	591	114
26	उत्तर प्रदेश	347	114341	62672	169268	51286	28865
27	उत्तराखंड	78	27314	20112	47645	19203	8041
28	पश्चिम बंगाल	37	3656	324	7439	2519	303
	योग	3589	1050843	608259	1777057	699527	326016